# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

शिक्षा मंत्रालय ने सभी शिक्षण संस्थानों के लिए भारत रैंकिंग 2022 जारी की है जिसमें आईआईटी मद्रास को देशभर के संस्थानों में शीर्ष स्थान दिया गया है. विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया है और विश्वविद्यालयों के बीच शीर्ष रैंक पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली है. जबकि मिरांडा हाउस, दिल्ली कॉलेजों की सूची में सबसे ऊपर है. एम्स दिल्ली और आईआईएम अहमदाबाद ने भी अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया है. आपके अनुसार, वे क्या गुण हैं जो इन संस्थानों को प्रमुख बनाते हैं/एक शैक्षिक संस्थान में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए कौन से गुण होने चाहिए:

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 3/8/2022 तक writetous.en@gmail.com पर भेजें, जो 200 से 250 शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/ रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 13-19 अगस्त, 2022) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/ आजकल की प्रतियां तीन महीने तक निःशुल्क भेजी जाएंगी.